an>

Title: Need to provide compensation to all farmers without any discrimination for loss of their crops in Uttar Pradesh.

श्री हरिनारायन राजभर (घोसी) : माननीय अध्यक्ष महोदया, उत्तर प्रदेश में जो प्राकृतिक आपदा आयी है, जैसे आंधी, तूफान व बारिश से किसानों के फसलों का जो नुकसान हुआ है, उसकी क्षतिपूर्ति का आकलन उत्तर प्रदेश सरकार भेदभाव के आधार पर कर रही है, जो किसानों के साथ अन्याय है। यही नहीं, जिन जिलों में क्षति का आकलन किया जा रहा है, उन जिलों के गांवों से केवल 10-12 किसानों के अलावा शेष किसानों को छोड़ दे रही है, जिससे किसान अपने नुकसान को देखकर आत्महत्या कर रहे हैं। वह अपने खेत पर जाते हैं और नुकसान देखकर उन्हें हार्ट अटैक हो जाता है। मऊ जिले में इस तरह की पचासों घटनाएँ हो चुकी हैं। उत्तर प्रदेश सरकार इस किसान प्रधान देश में किसानों के साथ अन्याय कर रही है, नहीं मालूम क्यों?

मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूँ कि किसानों के मुआवजे पूर्णरूपेण सभी किसानों को दिया जाए, जिनकी इस आपदा में क्षति हुई है। जो भी पैसा केन्द्र से जाता है, जिस मद में जाता है, उसे उत्तर प्रदेश सरकार उसी मद में उसे खर्च करे। मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि उत्तर प्रदेश सरकार से भेजे गये पैसे के खर्च का ब्यौरा ले। यदि पैसे का इसी तरह दुरुपयोग होता रहेगा तो जैसे किसान इस समय उत्तर प्रदेश में अपना सही मुआवजा पाने से वंचित हो रहे हैं, जिसका उदाहरण पूर्वांचल के आज़मगढ़ जिले का 75 प्रतिशत आकलन व इससे सटे हुए मऊ जिले में 20-25 प्रतिशत का आकलन दिखाया जा रहा है, वहाँ के सांसद माननीय â€¦* और उस प्रदेश के मुख्यमंत्री उनके सुपुत्र हैं। जबकि दोनों जिलों में बराबर नुकसान हुआ है। इसकी रिपोर्ट पक्षपातपूर्ण तरीके से अधिकारियों द्वारा भेजे जा रहे हैं।

माननीय अध्यक्ष : आप अपनी बात कहें। किन्हीं के नाम रिकार्ड में नहीं जाएंगे। कृपया आप अपनी डिमांड रखिए।

श्री हरिनारायन राजभर : जब इस पर मैंने सवाल उठाया तो अराजक तत्वों ने मेरा पुतला फूंका और मेरी गाड़ी पर पत्थरबाजी की व जानलेवा हमला कर मेरे ही खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करायी, जब कि मेरे सहयोगी द्वारा मेरी गाड़ी पर पत्थरबाजी व जानलेवा हमले के संबंध में एफ.आई.आर. दर्ज करने की तहरीर दी है, किन्तु जिला पुलिस प्रशासन एफ.आई.आर. दर्ज करने से इंकार कर रहा है। इसका मतलब है कि उत्तर प्रदेश की पुलिस सिर्फ राज्य सरकार के दबाव में कार्य कर रही है।